राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - UPHIN/2022/86937

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए



वर्ष – 03 अंक – 315 जौनपुर शनिवार, 05 जलाई 2025 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज – 4 मूल्य – 2 रूपये

## संक्षिप्त खबरें


### तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव अस्पताल में भर्ती

तेलंगाना, (एजेंसी)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) को बृहस्पतिवार को उच्च रक्त शर्करा और निम्न सोडियम स्तर के कारण यहां एक निजी सुपर–स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यशोदा अस्पताल ने एक विज्ञप्ति में बताया कि राव (71) को कमजोरी महसूस होने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी गई थी। विज्ञप्ति में बताया गया कि उनकी हालत स्थिर है। इसमें कहा गया है, ''प्रारंभिक जांच में उच्च रक्त शर्करा और कम सोडियम स्तर होने का पता चला है। अन्य सभी महत्वपूर्ण मानक सामान्य सीमा के भीतर हैं।'' राव को चिकित्सकों की गहन देखरेख में रखा गया है और मधुमेह को नियंत्रित करने तथा सोडियम के स्तर को बढ़ाने के लिए दवा शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने केसीआर के स्वास्थ्य के और उन्हें दिए जा रहे उपचार की भी जानकारी ली। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रेड्डी ने डॉक्टरों से बात की और उनसे केसीआर का सर्वोत्तम उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने राव के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### अमरनाथ यात्रा के पहले दिन ही 12 हजार श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

कश्मीर, (एजेंसी)। पहलगाम हमले के बाद से ही अमरनाथ यात्रा पर लोगों की नजर थी। पहलगाम हमले ने कश्मीर के टूरिज्म पर काफी ज्यादा असर डाला है। अब ऐसे में लोगों की निगाहें अमरनाथ यात्रा पर थी कि क्या इस बार भी भारी संख्या में यात्रा करने लोग आएंगे या नहीं। कश्मीर पुलिस ने अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। अप्रैल में हुए पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। 38 दिनों की यह तीर्थयात्रा गुरुवार को शुरू हुई और पहले दिन ही बाबा अमरनाथ के दर्शन 12 हजार से ज्यादा लोगों ने किए। अमरनाथ तीर्थयात्रा के पहले दिन बृहस्पतिवार को 12,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने गुफा मंदिर के दर्शन किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, तीर्थयात्रा के पहले दिन कुल 12,348 तीर्थयात्रियों ने 3,880 मीटर ऊंचाई पर स्थि गुफा मंदिर में पूजा–अर्चना की। अधिकारियों ने कहा कि इसमें 9,181 पुरुष, 2,223 महिलाएं, 99 बच्चे, 122 साधु, सात साध्वी और आठ 'ट्रांसजेंडर' शामिल हैं। अधिकारियों ने कहा कि उन्हें पहले दिन इतनी बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों की उपस्थिति की उम्मीद नहीं थी, खासकर इस साल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के मद्देनजर। इस साल सुचारू तीर्थयात्रा सुनिश्चित करने के लिए अभूतपूर्व सुरक्षा उपाय किए गए हैं।

## भिक्षावृत्ति कराने वालों पर हुई कार्रवाई, 101 बच्चों को दिए शैक्षणिक किट : सीएम योगी



लखनऊ, (एजेंसी)। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भिक्षावृत्ति से विमुक्त हुए बच्चों को 'मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना' का प्रमाण पत्र एवं शैक्षणिक किट वितरित किया. योजना तहत उन्हें 2500 रुपये प्रति माह प्रदान किया जाएगा. इस दौरान उन्होंने कहा कि भिक्षाटन प्राचीन काल में भारतीय परंपरा का हिस्सा था. लेकिन, इसमें सन्यासी के लिए दिन में एक बार किसी परिवार के पास जाकर भिक्षा लेने का प्रावधान था.। नारायण मूर्ति के 70 घंटे काम वाले बयान से इंफोसिस का यूटर्न, स्ट्रेस मैनेजमेंट और वर्किंग आवर को बैलेंस करने के लिए ईमेल उन्होंने कहा कि इसके पीछे का मकसद अपने व्यक्तिगत अहंकार को त्याग कर समाज को जानने–समझने का अवसर प्रदान करना था. लेकिन, जब इसके साथ व्यवसाय जुड़ जाता है, तो उसका एक खतरनाक पहलू देखने को मिलता है.। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन बच्चों के पास स्कूल जाने का अवसर होता है, जिनके सुनहरे भविष्य के लिए कई योजनाएं हैं, जिनके जरिए उन्हें आगे बढ़ाया जा सकता है, उन बच्चों को भिक्षावृत्ति में धकेल दिया जाता है. कई बार सुनने को मिलता है कि गिरोह बच्चों को दिव्यांग बनाकर फिर उनसे जबरन भिक्षावृत्ति करवाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा इसमें से कई गिरोह के खिलाफ समय–समय पर कार्रवाई भी होती रही है. भिक्षावृत्ति को वृत्ति के रूप में लेने वाले ऐसे गिरोह का पर्दाफाश हो सके और ऐसे परिवारों का पुनर्वास किया जा सके, इस दृष्टि से स्माइल परियोजना प्रारंभ की गई। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा 102 बच्चों का आज यहां पर पुनर्वास किया गया है. इनके मन में उत्साह है, तमन्ना है, जीवन में कुछ कर गुजरने का जज्बा है. उन्होंने कहा कि इस जज्बे को प्लेटफार्म देने का काम प्रशासन का होना चाहिए और प्रशासन ने अपनी इस जिम्मेदारी को अच्छी तरह निभाया है. इसके लिए स्वयंसेवी संस्थाओं को साथ में जोड़ा गया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है. इन प्रयासों से ये बच्चे अपने उज्जवल भविष्य के लिए एक नई लगन के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज बेसिक शिक्षा परिषद प्राइमरी स्कूलों में दाखिला लेने वाले हर बच्चें को यूनिफॉर्म, किताबें, ड्रेस, जूते–मोजे आघदि उपलब्ध करा रहा है. प्रदेश के बेसिक स्कूलों में 1.91 करोड़ बच्चे हैं. सभी को इसका लाभ मिल रहा है. नया दाखिला लेने वाले बच्चों को भी योजना का पूरा लाभ दिया जाएगा।

## अमित शाह का पुणे दौरा, यातायात प्रतिबंधों के कारण कई स्कूल बंद

पुणे, (एजेंसी)। पुणे में केंद्रीय मंत्री अमित शाह के वीआईपी दौरे के लिए लगाए गए यातायात प्रतिबंधों के कारण कटराज से उरुली देवाची मार्ग पर स्थित अधिकांश स्कूल शुक्रवार को बंद है। गृह मंत्री का शहर दौरा सुबह खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में श्रीमंत थोरले बाजीराव पेशवा की प्रतिमा का अनावरण करके शुरू हुआ। कटराज, कोंढवा, उंद्री और उरुली देवाची में सुबह 11.30 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक यातायात प्रतिबंध लागू हैं, जिसके कारण इन क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों ने एक दिन का अवकाश घोषित कर दिया है। 13.5 फीट ऊंची, 4,000 किलोग्राम वजनी कांस्य प्रतिमा का अनावरण समारोह एनडीए के त्रिशक्ति द्वार पर होगा, जहां प्रतिमा स्थापित की गई है।



इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजीत पवार के साथ–साथ पेशवा के परिवार के सदस्यों के भी शामिल होने की उम्मीद है। कुछ दिन पहले ही पुणे जंक्शन रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर पेशवा बाजीराव प्रथम के नाम पर रखने की मांग को लेकर पुणे में राजनीतिक मुद्दा उठा था। यह मांग सबसे पहले भाजपा की राज्यसभा सदस्य मेधा कुलकर्णी ने उठाई थी।

## डीएमके और बीजेपी के साथ गठबंधन से इनकार, विजय चंद्रशेखर होंगे टीवीके के सीएम फेस

नई दिल्ली, (एजेंसी)। अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय चंद्रशेखर तमिलनाडु चुनाव के लिए तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के मुख्यमंत्री पद का चेहरा होंगे। उनकी पार्टी ने शुक्रवार को घोषणा की। विजय चंद्रशेखर को थलपति विजय के नाम से जाना जाता है। टीवीके ने पार्टी की कार्यकारी समिति की बैठक में एक विशेष प्रस्ताव पारित किया, जिसमें इसके संस्थापक विजय को पार्टी के सीएम उम्मीदवार के रूप में नामित किया गया। विजय ने कहा कि उनकी पार्टी 2026 के तमिलनाडु चुनावों के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से डीएमके और भाजपा के साथ गठबंधन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा कभी आगे नहीं बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि हम डीएमके या एआईएडीएमके की तरह नहीं हैं जो राजनीतिक लाभ के लिए भाजपा के साथ गठबंध



ान करें क्योंकि हम टीवीके हैं। प्रस्ताव के अनुसार, पार्टी उन दलों के गठबंध ान का नेतृत्व करेगी जो डीएमके, एआईएडीएमके और भाजपा के खेमे में नहीं हैं। भाजपा पर हमला करते हुए विजय ने आरोप लगाया कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी सस्ती राजनीति और राजनीतिक लाभ के लिए लोगों को सांप्रदायिक आधार पर बांटने का प्रयास कर रही है। अभिनेता ने कहा कि उनकी शरारती हरकतें अन्यत्र काम कर सकती हैं, लेकिन तमिलनाडु में नहीं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु एक ऐसी भूमि है, जहां सामाजिक न्याय, सद्भाव और भाईचारा गहराई से निहित है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने कहा, षेरियार, अन्ना और राज्य के अन्य दिग्गजों का अपमान करके भाजपा यहां सफल नहीं होगी।ष टीवीके महासचिव एन आनंद ने बताया कि विजय सितंबर से राज्यव्यापी दौरे पर जाएंगे।

## पीएचएफ को पाकिस्तान सरकार से मंजूरी का इंतजार :आदित्य ठाकरे

मुंबई, (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने हॉकी एशिया कप के लिए पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत आने की मंजूरी देने की खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। आदित्य ठाकरे ने इस मामले को लेकर केंद्र सरकार को घेरा है। ऐसी खबरें आई थी कि खेल मंत्रालय पाकिस्तान हॉकी टीम को भारत में होने वाले एशिया कप में शामिल होने से नहीं रोकेगी। अब इस पर आदित्य ठाकरे ने सवाल खड़े किए हैं और सरकार की आलोचना की है। हॉकी एशिया कप का आयोजन 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होना है। भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रहे तनाव के मद्देनजर इस पर संशय चल रहा था कि



पाकिस्तान की हॉकी टीम इस टूर्नामेंट के लिए भारत आएगी या नहीं। हालांकि, खेल मंत्रालय के सूत्रों ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से बताया था कि वे बहु–राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी टीम के शामिल होने के विरुद्ध नहीं हैं जिसके बाद पाकिस्तान हॉकी टीम का भारत आने का रास्ता साफ हो गया था। ऑपरेशन सिंदूर के कारण अगले महीने एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर संदेह था। हॉकी एशिया कप में भारत सहित आठ टीमें भाग लेंगी। एशिया कप के अलावा नवंबर–दिसंबर में होने वाले जूनियर विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम को खेलने की अनुमति दी जाएगी। वहीं, पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) और पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) के वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा था कि उन्हें इस साल भारत में होने वाले हॉकी के दो बड़े टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सरकार से अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। आदित्य ठाकरे ने खड़े किए सवाल शिवसेना उद्धव गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने कहा, हॉकी एशिया कप का आयोजन बिहार में होना है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने इसमें शामिल होने के लिए पाकिस्तान टीम को एनओसी दे दिया है।

## रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री आवास पर नए कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया



नई दिल्ली, (एजेंसी)। दल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मुख्यमंत्री आवास पर नए कैंप कार्यालय का उद्घाटन किया। इस दौरान एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि मैं दिल्ली की सीएम को अपनी शुभकामनाएं देना चाहता हूं। यह लोगों और उनकी समस्याओं के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाता है। आने वाले समय में दिल्ली के लोगों की समस्याओं और दुखों का समाधान सीएम आवास से किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है। मुख्यमंत्री ने जनता की शिकायतें सुनने के लिए जो केंद्र बनाया है, उसका आज उद्घाटन हो रहा है। मैं अपनी तरफ से उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पहले के मुख्यमंत्री शीशमहल बनाते थे और लोगों को अपने आवास में प्रवेश नहीं करने देते थे, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री ने जनसेवा केंद्र का उद्घाटन किया है। यह मुख्यमंत्री जनसेवा केंद्र आम लोगों को मुख्यमंत्री आवास में आने की सुविध ा देने के लिए बनाया गया है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि मैं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बार–बार धन्यवाद देना चाहूंगा कि मुख्यमंत्री आवास अब श्जनसेवा सदनश के नाम से जाना जाएगा। यहां एक श्शीशमहलश था जहां किसी भी कैमरे पर प्रतिबंध ा था (दिल्ली में आप सरकार के दौरान), और यहां हमने आवास को श्जनसेवा सदनश में बदल दिया है। दिल्ली के मंत्री कपिल मिश्रा ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के 'जन सेवा सदन' के उद्घाटन की सराहना की और कहा कि इसकी लागत "अरविंद केजरीवाल के शीश महल में लगे पर्दों की लागत" से भी कम है। कपिल मिश्रा ने बताया कि 'जन सेवा सदन' कैमरों और मीडियाकर्मियों के लिए खोला गया है, ताकि वे आम लोगों के लिए की गई व्यवस्था देख सकें। दिल्ली के मंत्री ने बताया कि 'जन सेवा सदन' के लिए टेंडर "सार्वजनिक" है, जबकि 'शीश महल' के टेंडर दस्तावेज में ऐसा नहीं है। कपिल मिश्रा ने एएनआई से कहा, षमुख्यमंत्री के श्जन सेवा सदनश का आज उद्घाटन हुआ है। आज पहला दिन है। यह मीडिया और कैमरों के लिए खुला है, ताकि आम लोगों के लिए की गई सभी व्यवस्थाओं को देखा जा सके। 11 साल बाद सीएम का आवास या कार्यालय लोगों के लिए खोला गया है.।

## बीजेपी को मिलेगी पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष इन नामों को लेकर चर्चा तेज

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) में बड़े पैमाने पर संगठनात्मक फेरबदल हो रहा है। छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थानीय इकाइयों के लिए पार्टी प्रमुखों की नियुक्ति के बाद, बीजेपी अब अपना ध्यान राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त करने पर केंद्रित कर रही है। जेपी नड्डा 2020 से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर हैं। उनका कार्यकाल 2023 में समाप्त हो रहा था, लेकिन भाजपा ने इसे 2024 तक बढ़ा दिया ताकि वह लोकसभा चुनावों में पार्टी का नेतृत्व कर सकें। हालांकि इस बात पर सस्पेंस बना हुआ है कि प्रमुख पद कौन संभालेगा, लेकिन सूत्रों ने बताया है कि पार्टी को पहली बार महिला अध्यक्ष मिल सकती है। पार्टी के वरिष्ठ नेता व्यापक विचार–विमर्श कर रहे हैं और शीर्ष पद के लिए कई प्रमुख महिला राजनेताओं पर विचार किया जा रहा है, जिनमें निर्मला सीतारमण, डी पुरंदेश्वरी और वनाथी श्रीनिवासन जैसी नेता शीर्ष दावेदार हैं। प्रमुख दावेदारों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी महासचिव बीएल संतोष से मुलाकात की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पार्टी के भीतर उनके नाम ने काफी लोकप्रियता हासिल की है, अंदरूनी सूत्रों ने उनके व्यापक मंत्री पद के अनुभव और संगठनात्मक गहराई का हवाला दिया है। अगर सीतारमण को चुना जाता है, तो वह न केवल भाजपा की पहली महिला अध्यक्ष बनेंगी, बल्कि पार्टी को दक्षिण भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत करने में भी मदद करेंगी। उनकी पदोन्नति लोकसभा में महिलाओं के लिए प्रस्तावित 33 प्रतिशत आरक्षण के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता का संकेत देगी – जो अगले परिसीमन अभ्यास के बाद लागू होने की उम्मीद है। भाजपा के भीतर एक अनुभवी नेता, सीतारमण पहले रक्षा मंत्री के रूप में काम कर चुकी हैं और केंद्रीय मंत्रिमंडल में पार्टी के सबसे हाई–प्रोफाइल चेहरों में से एक हैं। गंभीर विचार में एक और नाम है डी पुरंदेश्वरी का, जो भाजपा की आंध्र प्रदेश की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष हैं। अपनी बहुभाषी दक्षता और विभिन्न दलों के राजनीतिक अनुभव के लिए जानी जाने वाली, वह क्षेत्रीय अपील और राष्ट्रीय दृश्यता का एक अनूठा मिश्रण लेकर आती हैं।

## शिवराज सिंह चौहान ने जम्मू-कश्मीर के लाल चौक पर लोगों को पानी पिलाया

नई दिल्ली, (एजेंसी)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुहर्रम की परंपरा के तहत जम्मू–कश्मीर के प्रसिद्ध लाल चौक पर लोगों को बृहस्पतिवार को पानी पिलाया। कश्मीर के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर आए चौहान ने शहर के वाणिज्यिक केन्द्र लाल चौक पर राहगीरों को पानी वितरित किया। मुहर्रम इस्लामी कलैंडर का पहला महीना है। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि लोगों को पानी वितरित करके मुहर्रम परंपरा का हिस्सा बनना एक दिल को छू लेने वाला अनुभव था। चौहान ने समाज के वंचित वर्गों के लिए केन्द्र



सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, जम्मू–कश्मीर में करीब पांच लाख लोग ऐसे हैं, जिनके पास पक्का घर नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन सभी को पक्का घर मिलेगा। चौहान ने कहा कि सरकार का मिशन महिलाओं को सशक्त और उन्हें लखपति दीदी बनाना है।

## राज्यपाल की वीसी नियुक्तियों की भूमिका घटाने वाले कानून पर हाई कोर्ट की रोक को चुनौती

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, तमिलनाडु के राज्यपाल कार्यालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को तमिलनाडु सरकार की याचिका पर नोटिस जारी किया है। तमिलनाडु सरकार की तरफ से मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों (वीसी) की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से राज्य सरकार को हस्तांतरित करने वाले कानूनों पर रोक लगा दी गई थी। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने उच्च न्यायालय की अवकाश पीठ द्वारा 21 मई को



पारित अंतरिम आदेश के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए जवाब मांगा। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कुलपतियों की नियुक्ति प्रक्रिया में राज्यपाल, जो कुलाधिपति के रूप में कार्य करते हैं, की भूमिका को कम करने के लिए विभिन्न विश्वविद्यालय कानूनों में संशोधन करने वाले हाल के राज्य कानून के संचालन पर रोक लगा दी थी। राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी, राकेश द्विवेदी और पी विल्सन ने सर्वोच्च न्यायालय से यह स्पष्ट करने का भी आग्रह किया कि मद्रास उच्च न्यायालय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित चुनौती के बावजूद 14 जुलाई को रोक हटाने के लिए उसके आवेदन पर सुनवाई कर सकता है। हालांकि, यूजीसी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने इस अनुरोध ा का विरोध करते हुए कहा कि तमिलनाडु ने भी सभी संबंधित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने की मांग करते हुए एक स्थानांतरण याचिका दायर की है। मेहता ने तर्क दिया कि आप मामले को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने की मांग नहीं कर सकते और साथ ही उच्च न्यायालय से आदेश के लिए दबाव नहीं बना सकते।

# संपादकीय

## कैब नियमन मानक

समय की जरूरत और नई पीढ़ी के रुझान के मद्देनजर पिछले कुछ वर्षों में देश में कैब सेवाओं का आधार व्यापक हुआ है। कैब सेवाएं उपलब्ध कराने वाली देशी–विदेशी कंपनियों की कड़ी प्रतिस्पर्धा ने इस क्षेत्र को आशातीत विस्तार दिया है। लेकिन साथ ही चालकों के हित संरक्षण और उपयोगकर्ताओं के हितों के नियमन की आवश्यकता भी लंबे समय से महूसस की जा रही थी। इन सवारी सेवाओं पर लागू होने वाले नये दिशा–निर्देशों का मकसद कैब एग्रीगेटर्स को अधिक अवसर प्रदान करना, ड्राइवरों के कल्याण को सुनिश्चित करना और उपयोगकर्ताओं के हितों की रक्षा के बीच संतुलन बनाना है। सरकार ने उबर,ओला,इन–ड्राइव और रैपिडो जैसे एग्रीगेटर्स को पीक ऑवर्स के दौरान बेस किराए से दुगना तक चार्ज करने की अनुमति दी है। उल्लेखनीय है कि पहले यह बेस किराए से डेढ़ गुना अधिक था। जिसे सेवाओं में दबाव की स्थिति में किराये की तेजी के रूप में दर्शाया जाता था। इसके साथ ही, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी संशोधित मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशा निर्देश–2025 में गैर–पीक ऑवर्स के शुल्क को बेस किराए से पचास प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है। दरअसल, यह कदम ये सुनिश्चित करने के लिये है कि पीक ऑवर्स के दौरान यात्रियों पर बोझ न पड़े और एग्रीगेटर्स अन्य समय में भारी छूट के माध्यम से प्रतिस्पर्धा को कम न करे। केंद्र सरकार के अनुसार, वर्ष 2020 के दिशा–निर्देशों के संशोधित संस्करण के नए मानदंड उपयोगकर्ता की सुरक्षा और चालक के कल्याण के मुद्दों पर ध्यान देते हुए एक हल्की–फुल्की नियामक प्रणाली प्रदान करने का एक प्रयास है। इसमें शामिल अन्य प्रावधानों के अनुसार एग्रीगेटर्स को वाहन की लोकेशन और ट्रैकिंग डिवाइस लगानी होगी। इसका मकसद यात्रा करने वाले लोगों को सुरक्षा प्रदान करना भी है। ट्रैकिंग डिवाइस लगाने का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि उन्हें वाहन की स्थिति की जानकारी मिलती रहे। जिसका राज्य सरकारों के एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर से जुड़ा रहना भी जरूरी है। निश्चय ही यह महिला सवारियों की सुरक्षा के मद्देनजर अपरिहार्य कदम है। इसके अलावा ड्राइवरों के हितों का भी ध्यान रखा गया है। उनके लिये बेहतर कमाई का प्रतिशत अनिवार्य किया गया है। उनके पास क्रमशरू कम से कम पांच लाख और दस लाख रुपये का स्वास्थ्य और टर्म बीमा होना चाहिए। केंद्र सरकार के इस हालिया प्रयास ने राज्यों के लिये बाइक टैक्सियों को अनुमति देने का रास्ता भी खोल दिया है। निस्संदेह, ये प्रयास जहां अधिक राजस्व पैदा करने का जरिया बन सकता है, वहीं रोजगार सृजनकर्ता भी साबित हो सकता है। देश में जिस तरह बेरोजगारी की समस्या है, उसमें रोजगार के नये क्षेत्र पैदा करना वक्त की जरूरत है। यदि चालकों के लिये बेहतर कार्य परिस्थितियां और सम्मानजनक आय की व्यवस्था हो पाती है तो कई बेरोजगार इस दिशा में पहल कर सकते हैं। लेकिन जरूरी है कि एग्रीगेटर चालकों के साथ मनमानी न कर सकें। हर छोटे–बड़े व्यक्ति को आत्मसम्मान के साथ जीविका उपार्जन का अधिकार है। किसी भी काम को हेय दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। कई छात्र बेहतर कैरियर की चाह में अपनी पढ़ाई के खर्च के लिये पार्ट टाइम कार व बाइक टैक्सियां चलाते हैं। उन वाहनों में सफर करने वाले यात्रियों को भी इनके साथ सम्मानजनक ढंग से पेश आना चाहिए।

# बड़े लक्ष्यों के लिए बहुत कुछ करना बाकी

के.एस

हिमाचल प्रदेश ने देश की शिक्षा व्यवस्था में एक नया अध्याय लिखा है, जो न केवल राज्य की उपलब्धि है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रेरणा का स्रोत बन चुका है। हिमाचल ने वर्ष 2021 के नेशनल अचीवमेंट सर्वे में 21वें स्थान से छलांग लगाकर 2025 में 5वां स्थान प्राप्त किया है। यह बदलाव मात्र आंकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि सरकारी स्कूलों में अत्यधिक नामांकन से शिक्षा की गुणवत्ता में विसंगति बनी रहती है। जम्मू–कश्मीर में मौसम और सुरक्षा संबंधी बाधाओं के कारण लॉजिस्टिक समस्याएं बनी रहती हैं। इस प्रकार, प्रशासनिक क्षमता और प्रणालीगत असमानताएं राज्यों की शिक्षा रैंकिंग को तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हिमाचल की बात करें तो 2000 के दशक में इसकी शुरुआत एक



उस नीति परिवर्तन का प्रमाण है, जिसे प्रदेश में व्यावहारिक रूप में लागू किया गया है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय को ठोस कार्रवाई से जोड़कर एक अनुकरणीय मॉडल बना दिया गया है। इस मॉडल का आधार शिक्षण गुणवत्ता में सुधार, प्रशासनिक दक्षता और प्रमाण–आधारित नीति निर्माण रहा है। राज्यों की शिक्षा व्यवस्था की रैंकिंग के पीछे कई कारण होते हैं। पंजाब और हरियाणा में बेहतर छात्र–शिक्षक अनुपात, मजबूत स्कूल प्रशासन और सामुदायिक भागीदारी ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं। महाराष्ट्र और कर्नाटक ने प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण और विकेन्द्रित शैक्षणिक योजना का सफलतापूर्वक उपयोग किया है। दूसरी ओर, बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य शिक्षकों की अनुपस्थिति, उच्च छात्र–शिक्षक अनुपात और कमजोर बुनियादी ढांचे की समस्याओं से जूझ रहे हैं। दिल्ली में प्रशासनिक टकराव और प्रवासन के कारण मजबूत नींव के साथ हुई थी, लेकिन 2017 तक ठहराव आ गया और फिर कोविड–19 महामारी के बाद 2021 में भारी गिरावट दर्ज की गई। लेकिन वर्ष 2025 में शिक्षा के बुनियादी स्तर पर केंद्रित सुधार, प्रशासनिक पुनर्गठन और प्रमाण–आधारित फैसलों ने एक नई ऊर्जा भर दी। सरकार ने 1,160 गैर–कार्यशील स्कूलों को बंद करने का साहसिक निर्णय लिया, जिनमें 911 प्राथमिक, 220 मिडल, 14 हाई और 15 सीनियर सेकेंडरी स्कूल शामिल थे। इनमें अधिकतर स्कूलों में छात्र संख्या नाममात्र थी या वे संचालन के मानकों का उल्लंघन कर रहे थे। सरकारें इस विषय पर स्थानीय विधायकों और वोट बैंक के दबाव में झुकती रहीं, लेकिन अब शासन ने स्पष्ट कर दिया कि राज्य के सीमित संसाधनों को केवल जनहित में प्रभावी उपयोग में लाया जाएगा। हिमाचल की एनएएस रैंकिंग में सुधार के पीछे छह ठोस नीतिगत बदलाव रहे। राज्य ने एक हजार से अधिक कम नामांकन वाले स्कूलों का विलय कर शिक्षक नियुक्तियों को व्यावहारिक बनाया और प्रशासनिक खर्च घटाया। शिक्षा निदेशालय को पूर्व–प्राथमिक से लेकर 12वीं कक्षा तक एकीकृत कर दिया गया जबकि उच्च शिक्षा को अलग कर दिया गया, जिससे जवाबदेही और निगरानी को स्पष्ट दिशा मिली। राज्य ने अंग्रेजी को कक्षा–1 से माध्यम बनाकर भाषा सीखने की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। यूनिफॉर्म को लेकर छात्रों में भागीदारी और पहचान की भावना को बल दिया गया। साथ ही, योग्य छात्रों और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय अनुभव दिलाने के लिए विदेश भेजा गया। जिससे वैश्विक दृष्टिकोण और नवाचार कक्षा में प्रवेश पा सके। स्कूलों को शैक्षणिक क्लस्टर में बांटकर संसाधनों का साझा उपयोग, सहयोगात्मक शिक्षण और निगरानी की प्रणाली सशक्त हुई। एनएएस 2025 के आंकड़े इस प्रभावी बदलाव को सिद्ध करते हैं। कक्षा–3 के छात्रों ने एनआईपीयूएन भारत मिशन के तहत उल्लेखनीय प्रगति की है। सरकारी स्कूलों ने कई निजी स्कूलों को पीछे छोड़ दिया और ग्रामीण एवं बालिका वर्ग ने राष्ट्रीय औसत से बेहतर प्रदर्शन किया है। हालांकि, चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। केवल 26 प्रतिशत शिक्षकों ने निरंतर पेशेवर विकास कार्यक्रम में भाग लिया है। दिव्यांग छात्रों के लिए केवल 30 प्रतिशत स्कूलों में अनुकूल ढांचा उपलब्ध है और 35 प्रतिशत में ही प्रशिक्षित शिक्षक हैं। व्यावसायिक शिक्षा को लेकर छात्रों में रुचि की कमी भी देखी गई हैकृ45 प्रतिशत स्कूलों में उपलब्धता के बावजूद केवल 41 प्रतिशत छात्र ही कौशल पाठ्यक्रमों का चयन कर रहे हैं। बहरहाल, अभी भी राज्य को कुछ अहम रणनीतियों पर अमल करना होगा।

# अपराध तो अक्षम्य है फिर स्त्री–पुरुष कैसा


क्षमा

राजा रघुवंशी हत्याकांड में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। जिस तरह मेरठ में मुसकान ने अपने पति को मारकर नीले ड्रम में बंद कर दिया था और पुरुष मित्र के साथ घूमने चली गई थी, सोनम तो अपने पति राजा के साथ ही गई थी। हां, पहले से वहां वे तीन लड़के मौजूद थे, जो कथित हत्यारे बताए जा रहे हैं। जिस तरह मुसकान के परिवार वालों ने आकर कहा कि अगर उसने ऐसा किया है, तो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिले, सोनम का भाई भी इसी तरह के बयान दे रहा है। बहुत से लोग कह रहे हैं कि इस तरह के बयान पुलिस से बचने के लिए दिए जाते हैं। खैर, जो भी हो एक निरपराध लड़के ने जान गंवाई है। कल इन अपराधियों को सजा मिल भी जाए, तो राजा के माता–पिता जीवन भर इस दुःख को लेकर जीएंगे। कई लोगों ने अखबारों और सोशल मीडिया में लिखा कि लड़कियां ऐसा इसलिए कर रही हैं कि माता–पिता उनकी सुनते नहीं हैं। वे बिना उनकी मर्जी के शादी कर देते हैं। अगर वे उनकी सुन लें, तो ऐसा न हो। जबकि मुसकान ने तो अपनी मर्जी से ही शादी की थी। इन दिनों ऐसे किस्से आम हैं जब पति ने पत्नी या महिला मित्र अथवा पत्नी ने पति की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी कि उसे किसी और के साथ रहना था। ऐसी खबरें आ रही हैं कि सोनम दृ राजा रघुवंशी कांड के बाद, लोग शादी के बाद घूमने जाने से बच रहे हैं। टिकट कैंसल करा रहे हैं। यही नहीं विवाह से पूर्व प्राइवेट जासूसों की मदद से होने वाले साथी का बैक ग्राउंड चौक करा रहे हैं। यहां तक कि कथित विज्ञापन दिए जा रहे हैं। एक ऐसा ही विज्ञापन फेसबुक पर देखा। यह एक अखबार में छपवाया गया था। इसमें लिखा था– अमुक तारीख को अमुक लड़की से सगाई हो रही है। किसी को आपत्ति हो तो बताए। ऐसी बातों से कई बार उन ब्लैकमेलर्स की पौ बारह हो सकती है, जो किसी लड़की को या लड़के को परेशान करने के लिए तरह–तरह की जुगत भिड़ाते हैं। मान लीजिए बेवजह ही कोई आकर कह दे कि हां जी इस शादी से मुझे आपत्ति है, क्योंकि इस लड़के या इस लड़की से मेरे सम्बंध हैं। ऐसे में अगर शादी हो भी जाए, तो शंका का एक बीज हमेशा के लिए बोया जा सकता है। आपसी रिश्तों में इतना अविश्वास, फिर शादी, विवाह, किसी रिश्ते में जाने की जरूरत ही क्या है। जब आपस में विश्वास न रहा तो बचा ही क्या। एक बात बार–बार कही जा रही है कि लड़कियां भला अपराधी कैसे हो सकती हैं। क्यों नहीं हो सकतीं। लड़कियों की वह बेचारी और बुद्धू तथा कुछ न जानने वाली की छवि कब तक ढोती रहेंगी। लड़कियां या लड़के, अपराधी कोई भी हो सकता है। एकमद् न्याय फाउंडेशन की दीपिका भारद्वाज कहती हैं कि अक्सर पति–पत्नी के रिश्तों में घरेलू हिंसा और क्रूरता को देखा जाता है, लेकिन अब वक्त आ गया है, जब यह भी देखा जाए कि ऐसे रिश्तों में हत्या जैसे जघन्य अपराध कितने हो रहे हैं। दीपिका ने एक अध्ययन में पाया कि 2023 में 306 पतियों को उनकी पत्नियों ने मार दिया। इन घटनाओं को आत्महत्या बताने की कोशिश की गई। वर्ष 2025 के इन छह महीनों में यह संख्या सौ से अधिक पहुंच गई है। दीपिका ने शादी के शहीद (मार्टरस आफ मैरिज) और भारत के बेटे (इंडियाज संस) नामक दो फिल्में भी बनाई हैं। सत्तर के दशक में हुआ विद्या जैन हत्याकांड भी याद आता है, जिसने देश को हिलाकर रख दिया था। इसमें विद्या के नामी डाक्टर पति ने अपनी पत्नी की हत्या, प्रेमिका के लिए कराई थी। उस समय एक मशहूर पत्रिका ने इस कांड को धारावाहिक रूप से छापा था। जिस स्त्री के कारण यह हत्या कराई गई थी, वह एक फौजी की पत्नी थी। जब पुलिस इस महिला और उक्त डाक्टर को पकड़कर थाने ले गई, तो वहां एक हीटर जल रहा था। महिला ने गिड़गिड़ाते हुए पुलिस वालों से कहा था कि यहां अग्नि तो है ही। सजा से पहले मेरे सात फेरे करा दीजिए।

अब तक पुरुषों द्वारा ऐसे गम्भीर अपराधों की लम्बी सूची बनती रही है। लेकिन अब पत्नियां भी ऐसा कर रही हैं। बहुत से विद्वान और विदुषियां कह रही हैं कि ऐसा इसलिए हो रहा है कि महिलाओं को सदियों से दबाकर रखा गया है। अब वे ताकतवर हुई हैं, तो ऐसा कर रही हैं। आंकड़े गिनवाए जा रहे हैं कि महिलाएं तो बस छह प्रतिशत अपराध ही करती हैं। बहुसंख्य अपराध तो पुरुषों द्वारा ही किए जाते हैं। इनकी बातें सुनकर वह कहावत याद आती है–जाके पांव न फटी बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई। आखिर सदियों का बदला राजा या उसी जैसे किसी निरपराध लड़के से क्यों लिया जाए। विमर्शों की समस्या ही यह है कि अपने चश्मे से बाहर उन्हें कुछ और नहीं दिखता। वे दुनिया से असहमत होने का अधिकार तो मांगते हैं, मगर असहमति का अधिकार किसी को नहीं देते। बदला लेने की भावना का इस तरह से समर्थन आखिर बदले को ही बढ़ाता है। वैसे भी ज्ञान देने वाले तो ज्ञान देकर निकल लेते हैं, मगर भुगतना उन्हें पड़ता है, जो इस तरह के अपराधों में जाने–अनजाने शामिल हो जाते हैं। एक लड़की ने कहा कि हम अक्सर अपने बॉस या अधिकारियों से नाराज होते हैं, तो क्या उनकी जान ले लेते हैं। फिर यह भी कैसी नाराजगी है कि निरपराध को भुगतनी पड़े। बहुत से लोग कह रहे हैं कि सोनम के बहाने सभी स्त्रियों को अपराधी नहीं कहा जा सकता। सच बात है। ऐसा होता भी नहीं है। लेकिन यदि स्त्री अपराधियों की संख्या कम है,।

# .......... विविध ..........

## परिवार में रहा है कोलेस्ट्रॉल का इतिहास तो आप भी हो जाएं सावधान




अगर किसी व्यक्ति का कोलेस्ट्रॉल बार–बार नियंत्रित करने के बावजूद भी ज्यादा रहता है, तो इसकी वजह हो सकती है। यह एक अनुवांशिक बीमारी है जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल के प्रोसेस को असामान्य बना देती है। 1 में से लगभग 200 लोग इस बीमारी से प्रभावित होते हैं , यानी यह उतनी दुर्लभ नहीं जितनी अक्सर समझी जाती है।

कोलेस्ट्रॉल से होने वाली समस्याएं

शरीर में कोलेस्ट्रॉल को लेकर 3 मुख्य समस्याएं हो सकती हैंरू भोजन से ज्यादा कोलेस्ट्रॉल अवशोषित करना, लीवर द्वारा जरूरत से ज्यादा कोलेस्ट्रॉल बनाना, ब्लड से कोलेस्ट्रॉल को साफ न कर पाना

इनमें से कोई भी गड़बड़ी शरीर में स्क्स (बुरा कोलेस्ट्रॉल) को असामान्य रूप से बढ़ा देती है।

किन्हें है ज्यादा खतरा?

अगर आपके माता– पिता, भाई या बहन को बहुत कम उम्र में दिल की बीमारी या हाई कोलेस्ट्रॉल रहा हो तो आपको भी सतर्क रहने की जरूरत है। यदि आपका कोलेस्ट्रॉल लेवल बहुत ज्यादा है (LDL 190 उहध्कस) और आप फिट हैं या फिर नियमित डाइट और एक्सरसाइज के बावजूद भी कोलेस्ट्रॉल में सुधार नहीं हो रहा है तो यह संकेत जेनेटिक कारण की ओर इशारा कर सकते हैं।

लाइफस्टाइल सुधार से क्यों नहीं घटता कोलेस्ट्रॉल?

चिकित्सकों के अनुसार "कई बार मरीजों को सालों से डॉक्टर यह कहते आ रहे होते हैं कि बेहतर खाना खाओ, एक्सरसाइज करो... लेकिन फिर भी कोलेस्ट्रॉल कम नहीं होता। इसका कारण यही जेनेटिक गड़बड़ी होती है, जो लाइफस्टाइल सुधार से पूरी तरह नहीं सुधरती।"मरीजों को सिर्फ खानपान सुधारने और व्यायाम से काम नहीं चलता। उन्हें अक्सर कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाएं लेनी पड़ती हैं– कभी–कभी दो या उससे ज्यादा तरह की दवाएं भी लेनी पड़ सकती है।

कब करवाएं जांच?

यदि आपके कोलेस्ट्रॉल लेवल लगातार हाई हैं या फिर परिवार में किसी को हृदय रोग या कोलेस्ट्रॉल की समस्या रही है उन्हें समय – समय पर जांच करवा लेनी चाहिए। जीवनशैली में बदलाव करने पर भी सुधार नहीं हो रहा तो डॉक्टर से मिलकर लिपिड प्रोफाइल, स्क्स स्तर, और जेनेटिक टेस्ट के बारे में विचार करें।

कोलेस्ट्रॉल पर काबू पाने के तरीके

–सही खानपान रखें (कम सैचुरेटेड फैट, ज्यादा फाइबर)

–नियमित व्यायाम करें (हफ्ते में कम से कम 5 दिन)

–धूम्रपान और शराब से बचें

–डॉक्टर द्वारा दी गई दवा को नियमित लें

–परिवार के अन्य सदस्यों की भी जांच कराएं

एक ऐसी जेनेटिक बीमारी है जो लाइफस्टाइल सुधार से पूरी तरह ठीक नहीं होती। इसलिए अगर आपका कोलेस्ट्रॉल बहुत ज्यादा है और नियंत्रित नहीं हो रहा, तो इसे सामान्य न समझें। समय पर जांच और इलाज से दिल की बीमारियों से बचाव संभव है।

## हर उम्र में जवां दिखने का राज हैं ये 5 एंटी– एजिंग फूड

आजकल की बदलती जीवनशैली, तनाव, खराब खानपान और प्रदूषण का सबसे पहला असर हमारी स्किन यानी त्वचा पर नजर आता है। कम उम्र में ही झुर्रियां, रूखापन, ढीलापन और स्किन का ग्लो खत्म होना अब आम बात हो गई है। अब तो लोग बढ़ती उम्र में भी यही चाहते हैं कि उनकी स्किन जवां और चमकदार दिखे, खासकर सेलिब्रिटीज। हाल ही में दुनिया को अलविदा कहने वाली एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला को लेकर खबरें हैं कि वह एंटी–एजिंग ट्रीटमेंट ले रही थीं। ऐसे ट्रीटमेंट और महंगे स्किन प्रोडक्ट्स कई बार आपकी हेल्थ पर बुरा असर भी डाल सकते हैं। अगर आप बिना किसी साइड इफेक्ट के जवां दिखना चाहते हैं, तो कुछ नेचुरल फूड्स आपकी इसमें मदद कर सकते हैं। ये फूड्स शरीर को अंदर से पोषण देकर न सिर्फ झुर्रियों और फाइन लाइन्स को कम करते हैं, बल्कि स्किन को टाइट, ग्लोइंग और यंग भी बनाए रखते हैं। खास बात ये है कि ये फूड्स आसानी से आपकी डेली डाइट का हिस्सा भी बन सकते हैं।

रिसर्च क्या कहती है?

हेल्थलाइन के मुताबिक, जैसे–जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारे खानपान का असर सीधे हमारे स्वास्थ्य, रूप, और जीवन की गुणवत्ता पर पड़ता है। हमारा शरीर अलग–अलग पोषक तत्वों पर निर्भर करता है जो बढ़ती उम्र के असर को धीमा करने में मदद करते हैं। यह जरूरी है कि हम समझें कि सिर्फ एक–दो चीजें खाने से तुरंत फर्क नहीं दिखेगा। लेकिन अगर हम अपने खानपान में सही चीजें शामिल करें, तो उम्र बढ़ने के बावजूद फिट और फ्रेश दिख सकते हैं। जानिए वो 5 सुपरफूड्स जो आपकी स्किन को जवां बनाए रख सकते हैं

डार्क चॉकलेट

डार्क चॉकलेट में फ्लावोनोल्स होते हैं जो स्किन के लिए बहुत फायदेमंद हैं। ये ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाते हैं और स्किन की क्वालिटी सुधारते हैं। ये स्किन को न्ट डैमेज से भी बचाते हैं और मूड को बेहतर करते हैं। इसे सीमित मात्रा में ही खाना चाहिए क्योंकि इसमें शुगर और फैट भी होता है।

ग्रीन टी

ग्रीन टी में कैटेचिन्स जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं। ये शरीर की सूजन को कम करते हैं और मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाते हैं। ग्रीन टी स्किन की एजिंग प्रोसेस को धीमा करती है। रोजाना 1–2 कप ग्रीन टी पीने से शरीर डिटॉक्स होता है और दिमाग एक्टिव रहता है।



## नाखून की दी चेतावनी को अनदेखा ना करना, सेहत के लिए खतरे की घंटी



हाथ–पैरों की खूबसूरती नाखूनों से भी दिखती हैं लेकिन नाखून सिर्फ खूबसूरती ही नहीं बल्कि सेहत का भी हाल बताते हैं। नाखून आपके शरीर की सेहत का आईना होते हैं। नाखूनों में होने वाले छोटे–छोटे बदलाव भी कई बार गंभीर बीमारियों की ओर इशारा करते हैं इसलिए नाखूनों की बनावट, रंग, बनावट में बदलाव या उनकी मजबूती पर ध्यान देना जरूरी है। डॉक्टर मरीजों के नाखून देखकर उनकी सेहत संबंधी दिक्कत बता देते हैं इसलिए लापरवाही की बजाए सतर्कता के साथ काम लेना जरूरी है क्योंकि ये बदलाव लीवर, लंग्स और हार्ट की परेशानी से भी जुड़े हो सकते हैं। नाखूनों में सफेदी, पीले या नीले पड़ना, उनका आकार बदलना जैसे कुछ लक्षणों पर ध्यान देने की जरूरत रहती है ताकि समय रहते रोगों से बचाव हो सके। चलिए आपको नाखूनों से जुड़ी दिक्कतों के बारे में बताते हैं।

1. पीले नाखून

अगर आप लगातार नेल पेंट, नेल एक्सटेंशन या नेल आर्ट करवाई रखती हैं तो नाखनों का रंग पीला हो सकता है लेकिन बिना कुछ किए ही नाखूनों का रंग पीला हो गया है तो यह कुछ बीमारियों जैसेः फेफड़ों से जुड़ी बीमारियां, थायरॉइड की समस्या, मधुमेह (डायबिटीज), फंगल इन्फेक्शन का संकेत हो सकते हैं। अगर नाखून मोटे हो जाएं और धीरे–धीरे बढ़ें तो यह येलो नेल सिंड्रोम भी हो सकता है। पीले नाखून, फंगल इंफेक्शन का सबसे बड़ा कारण है। गंभीर इंफेक्शन होने पर नाखून बहुत पतले होने लगते हैं हालांकि कुछ मामलों में पीले नाखून थॉयरॉयड, लंग्स और डायबिटीज के संकेत हो सकते हैं।

2. सफेद धारी या सफेद नाखून

अगर नाखून सफेद पड़ने लगे तो समझिए हेपटाइटिस या लीवर की बीमारी से ग्रस्त होने वाले हैं। ऐसा लिवर की बीमारी (जैसे सिरोसिस), एनीमिया (खून की कमी), प्रोटीन या जिंक की कमी, फंगल संक्रमण के कारण हो सकता है। सफेद धारी वाले नाखूनों को डममेश स्पदमे कहा जाता है जो शरीर में जहर या दवा के असर का संकेत भी हो सकता है। नाखून में धारियां विटामिन–बी, बी–12, जिंक की कमी को भी दर्शाता है।

3. नीले या बैंगनी नाखून

बहुत से लोगों के नाखून हलके नीले और बैंगनी से भी दिखते हैं इसका मतलब है कि शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन की प्राप्ति नहीं हो रही है और यह लंग्स और हार्ट प्रॉब्लम (ीमंतज कपेमंम) की ओर इशारा कर रहे होते हैं। इसके अलावा इसका एक कारण ठंड भी हो सकता है जो कि एक अस्थायी प्रभाव है। कई बार ये धब्बे गुलाबी लाइनों में भी हो सकते हैं जो शरीर की किसी गंभीर बीमारी, हृदय रोग, गंभीर इंफेक्शन आदि का संकेत देता है।

4. पिंड जैसे मोटे नाखून

बहुत से लोगों को नाखून परत से मोटे हो जाते हैं। अगर नाखून की थिकनेस आसामान्य रूप से मोटी होने लगे तो ये कई बीमारियों के संकेत हो सकते हैं। यह डायबिटीज, फेफड़ें में इंफेक्शन और ऑर्थराइटिस के संकेत हो सकते हैं। यह समस्या फेफड़ों की पुरानी बीमारी, लिवर या पेट की कोई गंभीर बीमारी का संकेत भी हो सकते हैं।

5. चमकविहीन और रूखा नाखून

यदि नाखून में चमक नहीं है और नाखून रूखे हो गए हैं तो यह थॉयराइड जैसी समस्या का संकेत है।

# कांवड़ यात्रा के दौरान मिलावटखोरी का बड़ा खतरा



लखनऊ, (संवाददाता)। मथुरा के बरसाना में दो दिन पहले डेयरी पर 1100 किलो मिलावटी पनीर और 4200 लीटर पनीर बनाने की सामग्री पकड़ी गई। मिलावटी पनीर बनाने के लिए यहां रिफाइंड, सोयाबीन पाउडर, चूना, एसीटिक एसिड, हाइड्रोजन भी मिला। दुकानदार पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। यहां के विभागीय अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है। इसी तरह सहारनपुर के रामपुर मनिहारन में भी 11 क्विंटल मिलावटी पनीर पकड़ा गया।

**मिलावटी सामग्री से बनी मिली मिठाई, कराया नष्ट**

अंबेडकर नगर में 40 किलो इमरती व लड्डू मिलावटी पाया गया। उसे नष्ट करा दिया गया। 740 किलो इमरती बनाने की सामग्री मिली, जो मिलावटी सामग्री से तैयार थी। इसी तरह ग्रेटर नोएडा, अमेठी, मेरठ सहित कई जिलों में नकली मिठाइयां पाई गई हैं। उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा व अन्य त्योहार के दौरान मिलवटखोरी बड़ा खतरा है। इसकी वजह से श्रद्धालुओं की तबीयत खराब होने की आशंका बनी हुई है। इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है तो खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने भी नई रणनीति अपनाई है। सभी निरीक्षकों को लगातार खाद्य पदार्थों की जांच करते रहने का निर्देश दिया है। प्रदेश में सावन माह में शुरू हो रही कांवड़ यात्रा और अन्य त्योहार शुरू हो जाएंगे। इस दौरान प्रसाद के साथ ही कांवड़ यात्रियों के लिए विभिन्न स्थानों पर खाद्य पदार्थ बांटें जाते हैं। इनमें मिलावट होने की वजह से कई बार श्रद्धालुओं की तबीयत खराब हो जाती है। पूर्व में हुई घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार एफएसडीए ने मिलावटखोरी को चुनौती के रूप में लिया है। इससे निपटने के लिए नई रणनीति भी अपनाई है। अब कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर 24 घंटे खाद्य निरीक्षक निगरानी करेंगे। 12–12 घंटे की अलग अलग निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई जा रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, बागपत समेत अन्य जिलों के लिए लखनऊ और कानपुर सहित अन्य मंडलों से 10–10 निरीक्षकों को माहभर के लिए भेजा जा रहा है। ये निरीक्षक निरंतर खाद्य पदार्थों की जांच करते रहेंगे। इसे लेकर खाद्य आयुक्त और अपर आयुक्त ने प्रदेशभर के निरीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी कर चुके हैं।

**पिछले वर्ष पकड़े गए व्यापारियों की विशेष निगरानी**

कांवड़ मार्गों के साथ ही बागपत के पुरामहादेव मंदिर के आसपास की दुकानों की विशेष तौर पर निगरानी की जाएगी। सभी निरीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि जिन व्यापारियों के यहां पिछले वर्ष मिलावट मिली थीं। उन पर खासतौर से निगाह रखी जाए। यदि इस बार दोबारा उनकी दुकानों पर मिलावट मिली तो तत्काल रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

**खोया और दूध से बनी चीजें ज्यादा मिलावटी**

विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2024–25 में इकट्ठा किए गए 38865 सैंपल में 12693 अधोमानक पाए गए। इसी तरह 1117 सैंपल मिध्याछाप यानी गलत ब्रांड के थे। खास बात यह है कि 2690 सैंपल पूरी तरह से जहरीले पाए गए, जो मानव सेहत के लिए हानिकारक थे। इन सैंपल में ज्यादातर खोया, पनीर और दूध से बनी अन्य चीजें थी। कुछ सैंपल मसालों के भी थे। हल्दी और मिर्च में केमिकल पाया गया था।

**इलाज भी मिलेगा... स्वास्थ्य विभाग अलर्ट**

कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट हो गया है। उपकेंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपचार की व्यवस्था बनाई जा रही है। मिलावटी खाद्य सामग्री से बीमार होने वाले और डायरिया की चपेट में आने वालों के इलाज की समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान उमस ज्यादा रहती है। खाने–पीने की गुणवत्ता सही नहीं होने की वजह से डायरिया, फूड प्वॉयजनिंग का खतरा रहता है। ऐसे में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अलग से इमरजेंसी वार्ड बनाकर कांवड़ यात्रियों के लिए इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। सभी अस्पतालों में पैरासिटामॉल, डायरिया से जुड़ी दवाएं, आई पलूड्स, ओआरएस के पैकेट आदि पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा वाले मार्गों पर संवेदनशील स्थलों पर एंबुलेंस मौजूद रहेगी।

## नीलामी में खरीदें एलडीए की संपत्तियां, एक महीने चलेगा पंजीकरण

लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) अपनी व्यावसायिक व आवासीय संपत्तियों को ई नीलामी से बेचेगा। इसके लिए शुक्रवार से प्राधिकरण के पोर्टल पर एक महीने तक पंजीकरण करा सकेंगे। नीलामी आठ अगस्त को होगी। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि हरदोई रोड स्थित बसंतकुंज योजना के सेक्टर–एच के 60–60 वर्गमीटर के आवासीय भूखंड भी इस नीलामी में शामिल हैं। इनकी आरक्षित दर 32,955 एक महीने चलेगा पंजीकरण ई नीलामी आठ अगस्त को रुपये प्रति वर्गमीटर है। गोमतीनगर, विस्तार, जानकीपुरम विस्तार, शारदा नगर, सीजी सिटी, कानपुर रोड व ट्रांसपोर्ट नगर समेत अन्य योजनाओं के व्यावसायिक, मॉल–मल्टीप्लेक्स, सिटी क्लब, ग्रुप हाउसिंग, स्कूल, नर्सिंग होम, होटल, कम्युनिटी सेंटर, सीएनजी स्टेशन, पेट्रोल पंप, आवासीय व मिश्रित भू–उपयोग के भूखंड भी नीलामी में शामिल रहेंगे। इच्छुक लोग पंजीकरण करा लें।

## संक्षिप्त खबरें

### दो नए मामलों के साथ अंसल कंपनी पर अब तक 235 एफआईआर दर्ज

लखनऊ, (संवाददाता)। अंसल कंपनी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। कंपनी के खिलाफ ठगी की दो और एफआईआर सुशांत गोल्फ सिटी थाने में दर्ज कराई गई हैं। अब फ्लैट व प्लॉट के नाम पर दो लोगों से 13.60 लाख की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। इसके साथ ही कंपनी के खिलाफ शहर भर के थानों में दर्ज मामलों की संख्या 235 हो गई है। गाजीपुर जिले के मरहद निवासी राम अवध सिंह के मुताबिक, वर्ष 2015 में उन्होंने अंसल की सुशांत गोल्फ सिटी स्थित साइट में एक फ्लैट बुक कराया था। अधिकारियों ने जल्द प्लॉट आवंटन के लिए उनसे 6.35 लाख रुपये जमा करा लिए लेकिन इसके बाद भी उनके नाम आवंटन नहीं हुआ। इस बीच अंसल कंपनी के दिवालिया घोषित होने की बात का पता चला। उधर, सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अतुल कुमार शाही से कंपनी के लोगों ने 2013 में प्लॉट के नाम पर 7.25 लाख की ठगी कर ली। इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह के मुताबिक, दोनों मामलों की विवेचना की जा रही है।

### डंपर की टक्कर से खंभे टूटे, 4 घंटे बत्ती गुल

लखनऊ, (संवाददाता)। इंदिरा नगर तकरोही के अमराई गांव में शुक्रवार सुबह 6 बजे बिजली के तीन खंभे डंपर की टक्कर से टूट गए। इससे 200 घरों की 4 घंटे बिजली गुल रही। मुंशी पुलिया खंड के अधिशासी अभियंता अभय प्रताप सिंह ने बताया कि खंभे टूटने की सूचना मिलते ही नए खंभे लगाने का काम शुरू कर दिया गया। इससे सुबह 11 बजे बिजली चालू कर दी गई। उधर, लोगो ने बताया कि कुछ घरों और दुकानों के कनेक्शन जोड़े न जाने के कारण उमस भरी गर्मी में बिजली बंद है। खंभे टूटने से तार सड़क पर गिर गए, जिससे काफी देर जाम लगा रहा।

### नौ महीने बाद लखनऊ–कानपुर हाईवे पर सोनिक के पास डायवर्जन खत्म

लखनऊ, (संवाददाता)। कानपुर–लखनऊ हाईवे पर गंगा एक्सप्रेसवे के निर्माणाधीन अंडरपास को लेकर सोनिक मोड़ पर लागू रूट डायवर्जन नौ माह बाद खत्म हो गया है। बृहस्पतिवार को हाइवे की बंद लेन को खोल दिया गया। इसके साथ ही दोनों लेन से वाहन फर्राटा भरने लगे मेरठ से प्रयागराज के बीच बन रहा गंगा एक्सप्रेसवे उन्नाव के 76 गांवों से निकल रहा है। कानपुर–लखनऊ हाईवे पर सोनिक मोड़ के पास एक्सप्रेसवे क्रॉस कर रहा है। ऐसे में यहां पर अंडरपास का काम 20 अक्तूबर 2024 को शुरू हुआ था। निर्माण के लिए हाईवे की दोनों लेन पर 32 गर्डर रखे जाने थे। सोनिक मोड़ के पास से बसीरतगंज के बीच 200 मीटर में वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू किया गया था। इस दौरान एक लेन को बंद करके दूसरी लेन से ही दोनों तरफ के वाहनों को निकाला जाता था। इसी कारण अक्सर यहां पर जाम के हालात बने रहते थे। कार्य नवंबर 2024 तक पूर्ण करना था, लेकिन कार्यदायी संस्था की लापरवाही और सुस्ती से लगातार समय बढ़ता गया ।

# सड़क परियोजना निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं-राज्य मंत्री

## 206.81 लाख की आठ सड़क परियोजना का किया शिलान्यास राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। शनिवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव जी ने मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित ध मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत रूपए 206.81 लाख की लागत की आठ सड़क परियोजना का शिलान्यास किया।जिन सड़कों का शिलान्यास किया उसमें प्रमुख रूप से

वाजिदपुर दक्षिणी में वाजिदपुर तिराहे के सामने सेंट थामस कोचिंग के सामने आशादीप इलेक्ट्रॉनिक होते हुए अवधेश श्रीवास्तव के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 34.93 लाख

नईगंज में रामनारायण अग्रहरी के मकान से जयप्रकाश के मकान से होते हुए उमेश सोनकर के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 24.49 लाख

परमानतपुर में मैहर देवी ओलंदगंज मार्ग पर कृष्णा बुक डिपो से अशोक नगर कालोनी होते हुए प्रताप कालोनी तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 29.75 लाख हुसैनाबाद रोडवेज के सामने से जगदीश सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 13.89 लाख

उर्दूबाजार में गल्ला मंडी तिराहे से रमन श्रीवास्तव के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 28.25 लाख

ईसापुर में रसूलाबाद मार्ग से रवि सोनकर व सतीश सोनकर के मकान से होते हुए शाहगंज मार्ग तक इंटरलॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 9.81 लाख

उर्दूबाजार चौराहे से डा हरिनंदन श्रीवास्तव के मकान से होते हुए बड़ी मस्जिद तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 30.81 लाख

बलुआघाट में बुलबुल मौर्या के मकान से नरसिंह निषाद के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य अनुमति लागत रु 34.88 लाख

शिलान्यास के दौरान राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नगरीय अल्पविकसित ध्मलिन बस्ती विकास योजना के अंतर्गत लगभग 34 सड़क परियोजना स्वीकृत है जिसमें आज 8 सड़क परियोजना निर्माण कार्य शिलान्यास करके शुभारंभ किया जा रहा है। जिससे लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा, यदि आप लोगो कही लगता है कि निर्माण कार्य में लापरवाही हो रही है, मानक के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं हैं तो उसकी जानकारी आप हमको दीजिए ।

## संक्षिप्त खबरें

### तबादला पाए शिक्षकों को 12 जुलाई तक संभालना होगा कार्यभार

लखनऊ, (संवाददाता)। प्रदेश में आठ साल बाद परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का जिले के अंदर सामान्य तबादला किया गया। इसमें 20182 शिक्षकों को तबादला मिला है। इन शिक्षकों को 12 जुलाई तक संबंधित विद्यालयों में कार्यभार ग्रहण करना है। हालांकि बेसिक शिक्षा परिषद ने कहा है कि संबंधित विद्यालय में मानक के अनुसार शिक्षक–छात्र अनुपात न प्रभावित हो, तभी शिक्षकों को कार्यमुक्त किया जाएगा। बेसिक शिक्षा परिषद ने लंबी कवायद के बाद 30 जून को देर रात शिक्षकों की तबादला सूची जारी की। इसके बाद दो दिन से जिलों में परिषद की ओर से शिक्षकों को कार्यभार ग्रहण कराने को लेकर निर्देश की प्रतीक्षा की जा रही थी। हाल में बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से इसे लेकर विस्तृत दिशा–निर्देश दिए गए हैं। इसमें कहा गया है कि तबादला पाए शिक्षकों को मानव संपदा पोर्टल पर साथ–साथ कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया 12 जुलाई तक की जाएगी। परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा है कि तबादला व समायोजन में आरटीई एक्ट के अनुसार छात्र–शिक्षक अनुपात प्रभावित न हो, इसका ध्यान रखते हुए कार्यमुक्त व कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा। उन्होंने कहा है कि शिक्षकों के विषय, कैडर, पदनाम जांच कर व नियमित शिक्षक को ही कार्यमुक्त व कार्यभार दिया जाएगा। शिक्षकों का ग्रामीण सेवा संवर्ग से ग्रामीण सेवा संवर्ग व नगर सेवा संवर्ग में नगर सेवा संवर्ग में ही शिक्षकों का तबादला किया जाएगा। सचिव परिषद ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि शिक्षकों को कार्यमुक्त व कार्यभार कराने की सभी कार्यवाही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पारदर्शी तरीके से कराएं। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर वह पूरी तरह उत्तरदायी होंगे। परिषद की ओर से जिलों के अंदर सामान्य तबादला यह कहते हुए किया गया था कि इसे शिक्षक–छात्र अनुपात को देखते हुए किया जा रहा है। किंतु अब तबादला होने के बाद यह कहा जा रहा है कि शिक्षक–छात्र अनुपात प्रभावित न हो, ऐसी स्थिति में ही शिक्षक कार्यमुक्त किए जाएं। इससे परिषद की तबादला व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कुछ जिलों में तबादला पाए शिक्षक इसकी वजह से कार्यमुक्त नहीं हो रहे हैं।

### स्कूल बंद नहीं, बाल वाटिका के रूप में होंगे विकसित

लखनऊ, (संवाददाता)। कोई भी परिषदीय विद्यालय बंद नहीं होगा न ही उसका यू–डायस कोड समाप्त हो रहा है। इन विद्यालयों में जल्द ही आंगनबाड़ी केंद्रों का बाल वाटिका का संचालन होगा। ये जानकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बृहस्पतिवार को दी। उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों में बच्चे कम थे उनका पेयरिंग नीति के तहत विलय किया गया है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि कोई भी विद्यालय बंद हो रहा है। किसी भी विद्यालय का यू–डायस कोड भी समाप्त नहीं हो रहा है। विद्यालयों में अब आंगनबाड़ी के केंद्र के तहत बाल वाटिका को विकसित किया जाएगा। इसके लिए एजुकेटरों की भी तैनाती की जाएगी। यहां चार से पांच वर्षीय बच्चों की प्री नर्सरी व केजी की तर्ज पर पढ़ाई की जाएगी। जब ये बच्चे छह साल के हो जाएंगे तो इन्हें परिषदीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाएगा।

## फलों और सब्जियों का आकार बढ़ाने के लिए होता है इस्तेमाल, हॉर्मोन में करता है गड़बड़ी

लखनऊ, (संवाददाता)। ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की तस्करी दिल्ली और बिहार से की जा रही है। मुनाफे के लालच में तस्कर लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। थोक में तस्कर 20 रुपये में 100 मिली लीटर की दर से



ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन खरीदते हैं। इसके बाद इसमें मिलावट कर अपने गिरोह के लोगों को 80 रुपये में बेचते हैं। गिरोह के सदस्य फुटकर में किसानों और डेयरी संचालकों को यही इंजेक्शन दो सौ रुपये में सप्लाई करते हैं। एसटीएफ की पड़ताल में सामने आया है कि लखनऊ के अलावा, सीतापुर, बाराबंकी, हरदोई, बलरामपुर, बहराइच, उन्नाव समेत आसपास के कई जिलों में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन की कालाबाजारी हो रही है। सब्जी और फलों में इसका ज्यादा दुरुपयोग हो रहा है। किसान सब्जियों और फलों का आकार बढ़ाने के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, पशुपालक गाय और भैंस को इंजेक्शन लगाकर दूध निकाल रहे हैं। इससे लोगों के हार्मोस पर प्रभाव पड़ रहा है। दूध में आती है अजीब सी महकरू दुधारू पशुओं को अगर ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन लगाया गया है तो उनके दूध में एक अजीब सी महक रहती है। अगर आप दूध खरीद रहे हैं तो उसकी महक से इसका पता लगा सकते हैं। हालांकि लोग जल्दबाजी में फौरन दूध को गरम कर देते हैं, जिससे इंजेक्शन की महक निकल जाती है। एसटीएफ के मुताबिक, ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन में तस्कर पानी, नमक और एक नशीला पाउडर भी मिलाते हैं। फुटकर खरीदारों की तैयार हो रही सूची रू लोगों की सेहत से खिलवाड़ करने वाले किसानों और पशुपालकों के खिलाफ भी एसटीएफ कार्रवाई की तैयारी कर रही है। तस्करों से हुई पूछताछ के आधार पर इन लोगों की सूची तैयार तैयार की जा रही है। एसटीएफ में एएसपी अमित कुमार नागर के मुताबिक, गिरोह के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 10 से ज्यादा तस्करों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पैसे कमाने के लालच में गिरोह ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन में मिलावट कर सप्लाई कर रहा है। जल्द ही वांछित आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पेट की बीमारी से लेकर एलर्जी तक की समस्या**

ऑक्सीटोसिन के सेवन से न केवल हार्मोस में गड़बड़ी हो रही है, बल्कि पेट से जुड़ी दिक्कतें भी बढ़ती हैं। इसके सेवन से लोगों में चिड़चिड़ापन और तनाव भी होता है। यह एलर्जी की समस्या का सबसे बड़ा कारण है। दूध में ऑक्सीटोसिन की मिलावट की वजह से शरीर के किसी भी हिस्से में खुजली, सूजन या फिर सांस लेने में दिक्कत और इनफर्टिलिटी की समस्या भी हो सकती है।

## नए सत्र में भी नहीं बदले हालात, अनफिट वाहनों से स्कूल जा रहे बच्चे, सुरक्षा मानकों की हो रही अनदेखी



लखनऊ, (संवाददाता)। लखनऊ में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन स्कूली वाहनों की हालत अब भी जस की तस है। कई स्कूली वैन पुराने, अनफिट और मानकों से परे हैं। हजरतगंज स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल के बाहर बृहस्पतिवार दोपहर खड़ी स्कूली वैन (यूपी 3 2एएन 7769) का पिछला टायर फटा और अगला घिसा हुआ था। इन्हीं टायरों के भरोसे वैन स्कूली बच्चे ढो रही थी। महानगर स्थित माउंटफोर्ड स्कूल के बाहर वैन में जुगाड़ की सीट लगाकर बच्चों को बैठाया जा रहा था। वैन में अग्निशमन यंत्र भी नहीं था। कई वैन की बैकलाइट तक टूटी हुई थी। आशियाना के सेक्टर–एच स्थित स्टेला मैरिस स्कूल के वाहनों (यूपी 32 ईजेड 4349 एवं यूपी 32 एचटी 4507) में ड्राइवर का विवरण नहीं था। इनकी खिड़कियों पर लोहे की ग्रिल भी नहीं थी। वैन (यूपी 32 ईएन 9745) में सामने नंबर प्लेट ही नहीं थी। कई प्राइवेट वाहन भी बच्चों को ढो रहे थे। एक जुलाई से स्कूलों का नया सत्र शुरू हो चुका है। हालांकि, राजधानी में बच्चों को लाने–छोड़ने वाले स्कूली वाहनों की हालत नहीं सुधरी है। इनकी बदहाली बृहस्पतिवार को एक बार फिर उजागर हुई। हजरतगंज से लेकर आशियाना, महानगर और अन्य इलाकों में ऐसे ही अनफिट स्कूली वाहनों से बच्चे ढोए जा रहे हैं। वाहन मानकों की अनदेखी कर दौड़ रहे हैं। ऐसे में हादसे की आशंका से इन्कार नहीं किया जा सकता है। परिवहन विभाग अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चला रहा है, लेकिन सड़कों पर अब भी अनफिट वाहन दौड़ रहे हैं। विभाग ने कुछ दिन पहले ही अनफिट, कंडम स्कूली वाहनों के आंकड़े जारी किए थे। बावजूद इसके इनकी हालत में सुधार के प्रयास नहीं किए गए। राजधानी में 1915 स्कूली–शैक्षणिक वाहन पंजीकृत हैं। इनमें से 183 वाहन 15 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके हैं। फिर भी कंडम वाहन दौड़ रहे हैं। 258 वाहन ऐसे हैं, जिनकी फिटनेस व परमिट या फिर दोनो खत्म हो चुके हैं। 122 वाहन वे हैं, जिनकी फिटनेस नहीं है और 208 के परमिट खत्म हो गए हैं। 72 वाहन ऐसे हैं, जिनकी फिटनेस व परमिट दोनों नहीं है और 58 में सिर्फ फिटनेस नहीं है, पर परमिट है। राजधानी में सिर्फ 1474 वाहन ही चलने लायक हैं। आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय ने बताया कि अनफिट स्कूली वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों के पकड़े जाने पर वाहन मालिकों व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर तक की होगी।

## व्यावसायिक वाहनों पर एकमुश्त टैक्स व्यवस्था लागू करने की तैयारी

लखनऊ, (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश में सभी व्यावसायिक वाहनों पर एकमुश्त टैक्स जमा करने की व्यवस्था लागू करने की तैयारी है। इससे वाहन मालिकों को बार–बार टैक्स जमा नहीं करना पड़ेगा। साथ ही परिवहन विभाग को टैक्स जमा करने के लिए वाहनों की जांच भी नहीं करनी होगी। इस आशय के प्रस्ताव को कैबिनेट की बैठक में पारित कर दिया गया है। अब यह प्रस्ताव विधानमंडल में रखा जाएगा। वहां से पास होने के बाद प्रस्ताव को लागू किया जाएगा। उत्तर प्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1997 के धारा चार में गैर–परिवहन एवं परिवहन दोनों प्रकार के वाहनों पर टैक्स वसूला जाता है। इसमें एकमुश्त के साथ ही मासिक, त्रैमासिक और वार्षिक टैक्स लगाने की व्यवस्था है। विभागीय समीक्षा में पाया गया कि करीब 60 फीसदी वाहन स्वामी एक बार ही टैक्स जमा कर देते हैं, जबकि 40 फीसदी अलग–अलग समय पर टैक्स जमा करते हैं। ऐसे में टैक्स जमा कराने के लिए परिवहन विभाग को वाहनों की जांच करनी पड़ती है। अब दो पहिया, तीन पहिया, मोटर कैब, चार पहिया, मैक्सी कैब एवं 7500 किलोभार वाले माल वाहनों एवं जेसीबी सहित अन्य वाहनों पर एकमुश्त टैक्स लिए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इससे परिवहन विभाग को एक साथ ही राजस्व मिलेगा और उसे बार–बार टैक्स जमा कराने के लिए वाहनों की जांच नहीं करनी पड़ेगी।

## गोमतीनगर में बन रहा 15 मंजिला हाईटेक बस अड्डा, 60 हजार यात्रियों को मिलेगी राहत

लखनऊ, (संवाददाता)। गोमतीनगर के विभूतिखंड में बन रहा रोडवेज का नया बस अड्डा खूबसूरती में गोमतीनगर रेलवे स्टेशन को टक्कर देगा। 15 मंजिला बस अड्डे में 1200 बसों तक का आवागमन हो सकेगा। इससे 60 हजार यात्रियों को राहत मिलेगी। 250 करोड़ रुपये की लागत से बस अड्डा दो वर्ष में तैयार किया जाएगा। इसकी डिजाइन बृहस्पतिवार को फाइनल हो गई है, जो शानदार लुक में नजर आ रही है। रोडवेज प्रशासन प्रदेशभर में पीपीपी मॉडल पर बस अड्डे विकसित कर रहा है। इसी क्रम में विभूतिखंड स्थित सिटी बस व रोडवेज बस कार्यशाला को मिलाकर नया बस अड्डा बनाया जा रहा है। इसका काम शुरू कर दिया गया है। बस अड्डे की डिजाइन पर लंबे समय से माथापच्ची चल रही थी। अधिकारी बताते हैं कि यहां एयरपोर्ट की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। 60 हजार वर्ग मीटर में बस अड्डा गोमतीनगर स्टेशन के द्वितीय प्रवेशद्वार की ओर बनाया जा रहा है। इसमें 70 प्लेटफॉर्म और 16 इलेक्ट्रिक बसों के लिए ठहराव होंगे। 80 बसों के लिए पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। रेस्टरूम व एसी लाउंज, शॉपिंग मॉल, एटीएम, बैंक, 100 शौचालय, 750 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था, कंट्रोल रूम, डाकघर, पुलिस बूथ, फूड प्लाजा पीपीपी मॉडल पर लखनऊ में विकसित किए जा रहे तीन बल अड्डों पर कुल 454 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इनमें विभूतिखंड बस अड्डे पर 250 करोड़, चारबाग बस अड्डे पर 50 करोड़ व अमौसी वर्कशॉप पर 154 करोड़ का खर्च आएगा।

## श्रीवास्तव 32 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं को 03 माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के निर्देश

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश

जौनपुर। ,जिला विद्यालय निरीक्षक ने अवगत कराया है कि राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा (माध्यमिक), 18 पार्क रोड, लखनऊ द्वारा "रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण" के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थतियों से सामना करने एवं मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाने हेतु जनपद के चयनित 32 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं को 03 माह तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये हैं जिस हेतु प्रशिक्षक (मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यताधारी) की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रशिक्षण, शैक्षिक प्रमाण–पत्रों एवं अंक पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति 25 जुलाई, 2025 को सायं 5:00 बजे तक जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, जौनपुर में जमा कर सकते है। आवेदन पत्र कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक, जौनपुर से प्राप्त किया जा सकता है तथा आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई 2025 निर्धारित है। जनपद–जौनपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत बालिकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु प्रशिक्षकों के चयन हेतु 25 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते है। निर्धारित अंतिम तिथि के उपरान्त कोई आवेदन किसी भी माध्यम से स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रशिक्षक द्वारा अपना आवेदन निर्धारित तिथि तक पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से जिला विद्यालय निरीक्षक, कार्यालय, जौनपुर में जमा किया जा सकता है। प्रधानाचार्य द्वारा प्रशिक्षक को तीन माह हेतु अधितकम रू0–15000 मानदेय दिया जायेगा। मानदेय का भुगतान पी०एफ०एम०एस० के माध्यम से किया जायेगा। आत्मरक्षा प्रशिक्षण की अवधि तीन माह होगी। प्रशिक्षण की अवधि प्रतिदिन 40 मिनट निर्धारित है। अभ्यर्थी के विरूद्ध किसी भी न्यायालय में कोई अपराधी मुकदमा लम्बित नही होना चाहिए। प्रशिक्षण हेतु ऐसे खिलाडियों को चयन किया जायेगा जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट, जूडो, ताइक्याडो, कराटे, मान्यता प्राप्त खेल संघ ब्लैक बेल्ट, प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में जूनियर या सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया हुआ खिलाड़ी आवेदन करने हेतु पात्र होगें। चयनित प्रशिक्षक ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में भी कार्य करने का इच्छुक हो। प्रशिक्षक के रूप में यथा सम्भव महिला प्रशिक्षक का ही चयन किया जायेगा। महिला प्रशिक्षक न मिलने की स्थिति में पुरूष प्रशिक्षक चयनित किया जायेगा।

# 30 से कम पथरगड्डी पर रुकेगा वेतन - जिलाधिकारी

### राजस्व विभाग से सम्बन्धित मामलों में विवेकपूर्ण तथा न्यायोचित ढंग से लगाये आख्या – जिलाधिकारी

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में पट्टा निर्धारण लाभार्थी को दिया गया अनुबन्ध पत्र



जौनपुर । जलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ की उपस्थिति में में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी के समक्ष कृष्ण मुरारी मिश्र, एडवोकेट कलेक्ट्रेट द्वारा ग्राम डमरुआ परगना करियादोस्त तहसील सदर द्वारा चकमार्ग पर पुनः मनरेगा द्वारा मिट्टी डालकर खडन्जा लगाये जाने हेतु शिकायत की गयी जिसपर जिलाधिकारी ने बीडीओ सिकरारा को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। महेन्दर निवासी मौजा हमजापुर परगना हेवली सदर द्वारा धारा 24 की पैमाइस किये जाने के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को शीघ्र पैमाइस कराने, रामजीत निवासी तरसण्ड परगना सरेमू गौराबादशाहपुर द्वारा भूमि पर लेखपाल हल्का व राजस्व निरीक्षक द्वारा गाडे गए पत्थर को उखाड़कर फेकने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, एसएचओ गौराबादशाहपुर, राजस्वध्पुलिस की सयुक्त टीम बनाकर जॉचकर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायत गजना न्याय पंचायत कुछमुछ के ग्राम प्रधान द्वारा जल निकासी हेतु रास्ते पर ह्यूम पाइप डालने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया जिसपर जिलाधिकारी ने बीडीओ धर्मापुर और एसएचओ गौराबादशाहपुर को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। ब्लाक करंजाकला के सा0मौ0 विशम्भरा निवासी सन्दीप कुमार यादव द्वारा मत्स्य पालन के कार्य में 2024–25 में पट्टे के लिए चयन होने के बाद भी पट्टे का अनुबन्ध पत्र तहसील द्वारा न देने की शिकायत की गयी जिसपर जिलाधिकारी ने त्वरित संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में ही जिलाधिकारी के हाथों से अनुबन्ध पत्र लाभार्थी को उपलब्ध करा दिया गया। विनय कुमार सिंह मोहल्लावासी (गिरि बस्ती) मो0 दरीबा जफराबाद द्वारा विद्युत पोल पर विद्युत तार को 500 मीटर दूर बिछाये जाने के सम्बन्ध में, उम्मे रहिला अध्यक्ष नगर पंचायत जफराबाद द्वारा नगर पंचायत जफराबाद क्षेत्रान्तर्गत मो0 दरीबा में लगे विद्युत तार को खुला और जर्जर होने की शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया, जिसपर जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत को मौके पर जाकर देखते हुए निस्तारित कराने का निर्देश दिया गया।

थाना गौराबादशाहपुर से सम्बन्धित अधिक शिकायते प्राप्त हाने पर जिलाधिकारी द्वारा एसएचओ के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए गम्भीरता से प्रकरणों को ससमय निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अनुपस्थित होने के कारण जिलाधिकारी ने एक्सईएन विद्युत, एक्सईएन ट्यूबवेल, एआर कापरेटिव, समस्त खण्डों के एक्सईएन सिचाई के प्रति नाराजगी व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व विभाग सम्बन्धित मामलों में आख्या को विवेकपूर्ण तथा न्यायोचित ढंग से लगाकर निस्तारित किया जाए। कोई भी राजस्व निरीक्षक 30 से कम पथरगड्डी करेगा तो उसका वेतन आहरित नही किया जायेगा। पुलिस और राजस्व विभाग को निर्देशित किया कि जमीन विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इस लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों और पुलिस विभाग के समन्वय से ही इसका निस्तारण हो सकता है। दोनों पक्षों की समस्याओं को गम्भीरतापूवर्क सुनते हुए शिकायत का निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी, ए आर कापरेटिव को निर्देश दिया कि सुनिश्चित करे कि जनपद में उर्वरक की कमी न होने पाये। सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने अपने विभाग से सम्बन्धित पौधो का उठान करवाना सुनिश्चित करें। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी–छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है अतः इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या उदासीनता अक्षम्य होगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 110 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 07 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारित कर शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्तान्तरित करते हुए जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह, उप जिलाधिकारी सदर संतवीर सिंह, तहसीलदार सौरभ कुमार, नायब तहसीलदार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में अन्य तहसीलों में भी फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया गया।

## बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल के हरिओम यादव ने लहराया परचम




सिटी रिपोर्टर प्रत्यूष पाण्डेय

लखनऊ.बाल निकुंज इंग्लिश स्कूल पलटन छावनी अलीगंज लखनऊ के मंच पर आज दिनांक 05/06/2025 को , हिंदुस्तान मीडिया लिमिटेड द्वारा आयोजित षहिंदुस्तान ओलिंपियाड 2024–25 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को, हिंदुस्तान मीडिया द्वारा अनुमोदित पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानाचार्या रश्मि शुक्ला द्वारा पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं चेक धनराशि देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने वाले मेधावियों में कक्षा 10 के हरिओम यादव ने राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान तथा जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर परचम लहराया इन्हें रु. 5100/– का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 के आदर्श पांडे ने राज स्तर पर तृतीय स्थान तथा जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त कर परचम लहराया, इन्हें रु. 4100/– का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 वाणिज्य वर्ग की छात्रा वंशिका गुप्ता ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया इन्हें रु. 2100/–का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही वाणिज्य वर्ग की छात्रा अनामिका विश्वकर्मा ने भी जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें ध. 1100/– का चेक एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया । कक्षा 12 विज्ञान वर्ग की छात्रा आस्था त्रिवेदी ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें ध. 2100– का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12 विज्ञान वर्ग के छात्र शादाब आलम ने जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें .1100 /–का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान वर्ग कक्षा 11 के छात्र मानस सिंह ने जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें 1100/–का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 10 के छात्र मिस्बाह उल हक ने भी जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर परचम लहराया जिन्हें 1100 /– का चेक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## इंटरनेशनल एजुकेशनल फेयर्स सात को, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के 21 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि लेगें भाग

सिटी रिपोर्टर प्रत्यूष पाण्डेय

लखनऊ। आईडीपी एजुकेशन, इंटरनेशनल एजुकेशनसर्विसेज में वैश्विक अग्रणी, सबसे बड़े इंटरनेशनल एजुकेशनल फेयर्स में से एक के हिस्से के रूप में ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के 21 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों को लखनऊ में ला रहा है। लखनऊ के जो छात्र विदेश में पढ़ाई करने में तेजी से दिलचस्पी ले रहे हैं, उनको आईडीपी एजुकेशन कीये पहल काफी मदद प्रदान करेगी। इसके साथ ही छात्रों और उनके अभिभावकों को प्रमुख विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों से सीधे जुड़ने औरविदेश में पढ़ाई के सभी पहलुओं पर जानकारी प्राप्त करने का अवसर भी मिलेगा। विदेश में पढ़ाई करने के इच्छुक छात्र 7 जुलाई को होटल ताज महल लखनऊ में सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक अलग अलग ग्लोबल यूनिवर्सिटीज के प्रतिनिधियों से हर तरह की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा भारतीय छात्रों के लिए प्रमुख चार विदेशी एजुकेशन स्थलों में से हैं। विदेश मंत्रालय के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, 2024 में इन दोनों देशों के कॉलेज परिसरों में 5 लाख से अधिकभारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे थे। दोनों देशों ने हाल ही में नीतिगत बदलावोंकी घोषणा की है, और आईडीपी के एजुकेशन फेयर का उद्देश्य छात्रों और विश्वविद्यालयों के बीच एक संपर्क के रूप में काम करना होगा, जिससे उन्हें यूनिवर्सिटी और कोर्स चयन, स्कॉलरशिप, इंटर्नशिप, वीजाप्रक्रिया, पढ़ाई के बाद काम के अवसर और विदेश में स्टूडेंट लाइफ के बारे में विश्वसनीय और प्रत्यक्ष जानकारी मिल सके। उपस्थित लोगों कोअपने शैक्षणिक और प्रोफेशनल भविष्य के बारे में अच्छी तरह सेजानकारी आधारित फैसला लेने के लिए महत्वपूर्ण जानकारियां औरविशेषज्ञ मार्गदर्शन प्राप्त होगा। सभी आईडीपी सर्विसेज निःशुल्क हैं। इस आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए पीयूष कुमार, रीजनल डायरेक्टर, साउथ एशिया, कनाडा और लैटिन अमेरिका (एलएटीएएम), आईडीपी एजुकेशन ने कहा, "लखनऊ के स्टूडेंट वैश्विक करियर बनाने के लिए विदेशों में शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों की तलाश कर रहे हैं। वेअपने करियर की रुचियों से मेल खाने वाले स्टडी स्थलों और संस्थानों कोचुनने के लिए देश की सीमाओं से परे देख रहे हैं। जैसे–जैसे विदेश में शिक्षा को लेकर रुचि बढ़ती जा रही है, आईडीपी एजुकेशन छात्रों को सीधे विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों और संस्थानों (यूनिवर्सिटीज और इंस्टीट्यूट्स) से जोड़कर इस मांग का समर्थन करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारा उद्देश्य उन्हें अपनी शिक्षा यात्रा के बारेमें पूरी तरह से सही जानकारी पर आधारित निर्णय लेने और वैश्विक मंचपर सफल होने के लिए आवश्यक जानकारी, संसाधन और विशेषज्ञमार्गदर्शन प्रदान करना है।" उपस्थित लोगों को कई मूल्यवान सर्विसेज तक पहुंच प्राप्त होगी, जिसमेंऑन–द–स्पॉट एप्लीकेशन संबंधित सहायता, त्वरित एप्लीकेशन हैंडलिंगके लिए फास्टलेन प्रोसेस और आईईएलटीएस (प्म्स्ज्े) टेस्ट बुकिंग भीशामिल है। वे लिंक्डइन करियर इनसाइट्स टूल के बारे में भी जानकारीप्राप्त कर सकते हैं, जिसे छात्रों को उनके पंसदीदा कोर्सेज के साथ पूरीतरह से मेल खाते संभावित करियर परिणामों का आकलन करने में मददकरने के लिए डिजाइन किया गया है। हर तरह की मदद सुनिश्चित करनेके लिए, बैंकिंग और हाउसिंग पार्टनर्स की एक पूरी रेंज मौजूद होगी – जोएजुकेशन लोन (शिक्षा ऋण) से लेकर फॉरेक्स कार्ड सॉल्यूशंस और तयडेस्टिनेशंस के लिए तैयार की गई विशेषकृत बैंकिंग सेवाओं तक सब कुछप्रदान करेगी।

## छात्रों को पर्यावरण संरक्षण तथा उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया

सिटी रिपोर्टर प्रत्यूष पाण्डेय

लखनऊ। एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, विराज खंड, गोमती नगर, लखनऊ एमिटी इंटरनेशनल स्कूल, विराज खंड में वन महोत्सव के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. उमाशंकर सिंह ने जलवायु परिवर्तन, वन एवं वन्यजीव



संरक्षण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। डॉ. उमाशंकर सिंह श्वन शक्तिश एनजीओ के उत्तर भारत चौप्टर के निदेशक हैं तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर कई योजनाओं में योगदान दिया है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण तथा उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. उमाशंकर सिंह , विद्यालय की प्राचार्या रचना मिश्रा, शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा वृक्षारोपण कर किया गया।

## प्रत्येक विधानसभा में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जायेगा : जिलाधिकारी



जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पंचायत उत्सव भवन के निर्माण के सम्बन्ध बैठक संपन्न हुई। बैठक में एडीपीआरओ अरविन्द प्रभाकर ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र की प्रत्येक विधानसभा में पंचायत उत्सव भवन निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश दिये गये हैं। प्रदेश के ग्रामीण आबादी को उचित दर पर मांगलिक कार्यक्रम यथा विवाह, मुण्डन एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में पड़ने वाली प्रत्येक विधानसभा में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जायेगा। पंचायत उत्सव भवन के स्थापित होने से ग्रामीण आबादी को वैवाहिक एवं अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सुलभ एवं सस्ती दरों पर स्थान उपलब्ध हो पायेगा। यह योजना ग्राम पंचायतों के माध्यम से क्रियान्वित एवं संचालित की जायेगी। प्रथम चरण में प्रदेश की 71 ग्रामीण विधान सभाओं में एक पंचायत उत्सव भवन का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। प्रत्येक पंचायत उत्सव भवन की अनुमानित लागत रु0 1.41 करोड आकलित की गयी है। पंचायत उत्सव भवन के निर्माण हेतु स्थल का चयन एवं अनुश्रवण हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के द्वारा की जाएगी। समिति में जिलाधिकारी अध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत अधिशासीअभियन्ता, लो०नि०वि०,अधिशासी अभियन्ता, विद्युत सदस्य और जिला पंचायत राज अधिकारी सदस्य सचिव होंगे। उन्होंने बताया कि अभी जनपद में 01 पंचायत उत्सव बनाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पंचायत उत्सव भवन हेतु स्थल चयन करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाडिया, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार ,एक फरार

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। केराकत कोतवाली थाना अंतर्गत सर्विलांस व स्वाट टीम के साथ शुक्रवार रात संयुक्त पुलिस टीम के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरा सहित 2 गिरफ्तार, एक अभियुक्त के पैर में लगी गोली। कब्जे से 1बाइक चोरी की मोबाइल दो तमंचा ,कारतूस व लूट का 4.400 ग्राम गला हुआ सोना बरामद किया गया है।मामले का खुलासा शनिवार को करते हुए क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार रजक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में केराकत पुलिस शुक्रवार रात्रि मे मुखबिर की सूचना कुसरना मे हुई चौन स्नैचिंग की घटना के अभियुक्त को पूरनपुर मजार के पास नहर पुलिया के चौराहे के पास घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश द्वारा पुलिस पर फायरिंग करने लगा आत्मरक्षार्थ मे पुलिस द्वारा गोली चलाने पर बदमाश चन्द्रदीप पटेल पुत्र शिवालाल पटेल निवासी दनियालपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी के पैर मे गोली लगी जिससे वो घायल हो गया मौके पर पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार किया गया तथा प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी केराकत भेजवाया गया जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। तथा मौके पर एक अभियुक्त लवकुश पाल पुत्र जयहिन्दर पाल निवासी दनियालपुर थाना शिवपुर जनपद वाराणसी अंधेर का फायदा उठाकर फरार हो गया जिसकी तलाश जारी है ।

## जन शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है : डीएम



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में सदर तहसील का सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रेक्षागृह में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा गौराबादशाहपुर क्षेत्र की ज्यादा शिकायत पत्र आने पर एसओ गौराबादशाहपुर पर नाराजगी व्यक्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि एसओ गौराबादशाहपुर द्वारा शिकायतों का निस्तारण नही किया जा रहा होगा इस लिए उस क्षेत्र की ज्यादा शिकायत प्राप्त हो रही है। इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष कृष्ण मुरारी मिश्र, एडवोकेट कलेक्ट्रेट द्वारा ग्राम डमरुआ परगना करियादोस्त तहसील सदर द्वारा चकमार्ग पर पुनः मनरेगा द्वारा मिट्टी डालकर खडन्जा लगाये जाने हेतु शिकायत दी जिसपर जिलाधिकारी ने बीडीओ सिकरारा को आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। महेन्दर पुत्र स्व0 सीताराम मौजा हमजापुर परगना हेवली सदर द्वारा दावा 24 की पैमाइस किये जाने के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सदर को शीघ्र पैमाइस कराने, रामजीत पुत्र छब्बी निवासी तरसण्ड परगना सरेमू गौराबादशाहपुर द्वारा भूमि पर लेखपाल हल्का व राजस्व निरीक्षक द्वारा गाडे गए पत्थर को उखाडकर फेकने के सम्बन्ध में शिकायत की गयी जिस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी, एसएचओ गौराबादशाहपुर, राजस्वध्पुलिस की सयुक्त टीम बनाकर जॉचकर प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिये। प्रधान ग्राम पंचायत गजना न्याय पंचायत कुछमुछ धर्मापुर द्वारा जल निकासी हेतु रास्ते पर ल्यूज पाइप डालने के सम्बन्ध में पत्र दिया जिसपर जिलाधिकारी ने बीडीओ धर्मापुर और एसएचओ गौराबादशाहपुर को आवश्यक कार्यवाही करने, सन्दीप कुमार यादव पुत्र श्रीकेश ब्लाक करंजाकला सदर द्वारा मत्स्य पालक का कार्य में 2024–25 में पट्टे के लिए चयन होने के बाद भी पट्टे का अनुबन्ध पत्र तहसील द्वारा न देने की शिकायत की गयी जिसपर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारीध्तहसीलदार को निर्देशित किया कि निष्पक्षताः जॉच करने के उपरान्त सही होने पर पट्टे का अनुबन्ध पत्र उपलब्ध करा दिया जाये। विनय कुमार सिंह मोहल्लावासी (गिरि बस्ती) मो0 दरीबा जफराबाद द्वारा विद्युत पोल को विद्युत तार को 500 मीटर दूर बिछाये जाने के सम्बन्ध में, उम्मे रहिला अध्यक्ष नगर पंचायत जफराबाद द्वारा नगर पंचायत जफराबाद क्षेत्रान्तर्गत मो0 दरीबा में लगे विद्युत तार को खुला और जर्जर होने की शिकायती पत्र प्रस्तुत किया गया,।

## सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर डीएम के आदेश पर हुई कार्रवाई

ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोहड़ा चौराहे पर उस समय हड़कंप मच गया जब चौराहे के पास सरकारी जमीन पर किए गए अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलने लगा। ये कार्रवाई डीएम के आदेश के पार हुई। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के लखनपुर के रहने वाले राज नाम के व्यक्ति ने जिलाधिकारी को तहसील दिवस पर शिकायत पत्र देकर बताया कि सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कोहड़ा चौराहे के पास उसने जमीन खरीद रखी है। जमीन के आगे सरकारी



जमीन है और उसी जमीन पर गांव के दबंग किस्म के व्यक्ति द्वारा दिवाल खड़ी कर अवैध कब्जा किया जा रहा है और रास्ता भी अवरुद्ध कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तुरंत नायब तहसीलदार को आदेश दिया कि लेखपाल के साथ मौके पर जाकर जांच करें और अवैध निर्माण हुआ है तो उसे खाली कराए। जिलाधिकारी के आदेश पर नायब तहसीलदार ने कोहड़ा चौराहे पर पहुंच कर जांच किया और कब्जा अवैध पाते हुए बोलडोजर चला कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

**स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।**

**सम्पादक**

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

**मो0 – 7007415808, 9415034002**

**Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com**

**समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।**